प्रेस नोट

दिनाँक-17.06.2024

थाना कुरारा पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से खो गए 05 वर्षीय बालक को ढूंढकर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

अवगत कराना हैं कि पिंकी पत्नी अनिल कुमार निवासी सरसई डेरा थाना आटा जनपद जालौन अपने जेठ रामकुमार पुत्र शंकर के साथ अपने 05 वर्षीय बेटे कुणाल को लेकर अपने भाई रामबाबू की बिटिया के शादी में दिनांक 16/06/2024 को एस.डी.पैलेस थाना कुरारा जनपद हमीरपुर में आयीं थी जहाँ से पिंकी पत्नी अनिल कुमार का बेटा कुणाल आज दिनाक 17/06/2024 को एस.डी पैलेस में खेलते-खेलते खो गया था। सूचना पर थाना कुरारा द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए बच्चे को सोशल मीडिया, सीसीटीवी फुटेज, एवं स्थानीय लोगों की मदद से ढूंढने के काफी प्रयास किया गया। जिसके फलस्वरूप बालक को प्रमोद द्रिवेदी पुत्र लालता प्रसाद (उम्र करीब 40 वर्ष) निवासी ग्राम झलोखर थाना कुरारा की मदद से ऑपरेशन स्माइल के तहत कुणाल पुत्र अनिल कुमार उम्र करीब 5 वर्ष को कुछ ही घण्टों में ढूंढकर उनकी मां पिंकी पत्नी अनिल कुमार व चाचा रामप्रकाश पुत्र शंकर सिंह व चंद्रशेखर पुत्र शंकर सिंह निवासीगण सरसई डेरा थाना आटा जिला जालौन को समय करीब 12.30 बजे सुपुर्द किया गया। खोए बालक के मिलने पर परिजनों द्वारा पुलिस का शुक्रिया अदा किया गया व अपने गंतव्य को चले गये।